B.A. First Year (CBCS Pattern) Semester-II

# BA12B-3 - Hindi Literature

P. Pages : 2 | GUG/S/25/10035

Time : Three Hours | Max. Marks : 80

* 0 4 5 9 *

---

सुचनाएँ :- 1. सभी प्रश्न अनिवार्य है।

**1.** निम्नलिखित प्रश्नों में से **किसी एक** प्रश्न का उत्तर लिखिए। **20**

अ) रामधारी सिंह दिनकर द्वारा लिखित 'रश्मिरथी' की कथावस्तु लिखिए।

**अथवा**

आ) 'कर्ण' का चरित्र चित्रण लिखिए।

**2.** निम्नलिखित समूहों में से **किसी एक** ही समूह के सभी प्रश्नों के उत्तर लिखिए। **20**

**समूह – 'क'**

क) ऊँच-नीच का भेद न माने, वही श्रेष्ठ ज्ञानी है,
दया-धर्म जिसमें हो, सबसे वही पूज्य प्राणी है।
क्षत्रिय वही, भरी हो जिसमें निर्भयता की आग,
सबसे श्रेष्ठ वही ब्राह्मण है, हो जिसमें तप-त्याग।

ख) कर्ण मुग्ध हो भक्ति-भाव में मग्न हुआ-सा जाता है
कभी जटा पर हाथ फेरता, पीठ कभी सहलाता है
चढें नहीं चीटियाँ बदन पर, पडे नहीं तृण पात कहीं
कर्ण सजग है, उचट जाय गुरूवर की कच्ची नींद नहीं।

ग) सच है विपत्ति जब आती है, कायर को ही दहलाती हैं
शूरमा नहीं विचलित होते, क्षण एक नहीं धीरज खोतें,
विघ्नों को गले लगाते हैं,
काँटों में राह बनाते हैं।

घ) वीर कर्ण, विकृमी, दान का अति अमोघ ब्रतधारी,
पाल रहा था बहुत काल से एक पुण्य-प्रण भारी।
रवि-पूजन के समय सामने जो याचक आता था,
मुँहमाँगा वह दान कर्ण से अनायास पाता था।

**अथवा**

**खण्ड – 'ख'**

च) 'अब न कहेगा जगत, कर्ण को ईश्वरीय भी बल था,
जीता वह इसलिए कि उसके पास कवच कुण्डल था।'
महाराज! किस्मत ने मेरी की न कौन अवहेला?
किस आपत्ति-गर्त में उसने मुझको नहीं धकेला?

छ) दो न्याय अगर तो आधा दो, पर, इसमें भी यदि बाधा हो,
तो दे दो केवल पाँच ग्राम, रक्खो अपनी धरती तमाम।
हम वहीं खुशी से खायेंगे,
परिजन पर असि न उठायेंगे।

ज) मान लिया था पुत्र, इसी से, प्राण-दान तो देता हूँ,
पर, अपनी विद्या का अन्तिम चरम तेज हर लेता हूँ।
सिखलाया ब्रह्मास्त्र, तुझे जो, काम नहीं वह आयेगा।
है यह मेरा शाप, समय पर उसे भूल तू जायेगा।

झ) जनमें नहीं जगत में अर्जुन! कोई प्रतिबल तेरा
टँगा रहा है एक इसी पर ध्यान आज तक मेरा।
एकलव्य से लिया, अंगूठा, कढ़ी न मुख से आह,
रखना चाहता हूँ निष्कंटक बेटा! तेरी राह।

**3.** निम्नलिखित प्रश्नों में से **किन्ही तीन** के उत्तर लिखिए। **15**

1) राष्ट्रभाषा का अर्थ बतलाकर राष्ट्रभाषा बनने हेतु कौन से गुण किसी भी भाषा में होने चाहिए?
2) देवनागरी लिपि की विशेषताएँ लिखिए।
3) सम्पर्क भाष किसे कहते हैं? सम्पर्क भाषा की कोई दो विशेषताएँ लिखिए।
4) विश्वभाषा के रूप में हिंदी का स्थान बतलाइए।

**4.** निम्नलिखित प्रश्नों में से **किन्ही तीन** प्रश्नों के उत्तर लिखिए। **15**

1) सुभद्राकुमारी चौहान का संक्षिप्त जीवन परिचय दीजिए।
2) मैथिलीशरण गुप्त का परिचय लिखिए।
3) हरिवंशराय बच्चन की काव्यगत विशेषताएँ बतलाइए।
4) सुमिनानंदत पंत का संक्षिप्त जीवन परिचय एवं साहित्यिक कृतियों के नाम लिखिए।

**5.** निम्नलिखित सभी प्रश्नों के अति-संक्षिप्त उत्तर लिखिए। **10**

1) जयशंकर प्रसाद की साहित्यिक रचनाओं के नाम लिखिए।
2) राजभाषा का आशय स्पष्ट किजिए।
3) परशुराम ने क्या प्रतिज्ञा ली थी?
4) कर्ण को जन्मत : क्या मिला था?
5) परशुराम कर्ण पर क्यों क्रोधित होते है?

**********